तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026



11 शाला प्रवेशोत्सव में प्रतिभाशाली छात्राओं ...



12 रात में सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़े हादसे,...







# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की पूर्व अधीक्षिका पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कसडोल की पूर्व प्रभारी अधीक्षिका व वर्तमान शिक्षिका रीना कटकवार पर वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार, फर्जी भुगतान और शासकीय राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर बलौदाबाजार को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर वर्ष 2021 से जनवरी 2026 तक विद्यालय में हुए समस्त वित्तीय लेन-देन, पीएफएमएस भुगतान, नियुक्तियों और सामग्री क्रय संबंधी मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पूर्व अधीक्षिका द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से पीपीआर जनरेट कर विभिन्न मदों में राशि आहरित की गई और कई मामलों में फर्जी भुगतान, संदिग्ध बिल तथा नियमविरुद्ध मानदेय जारी किया गया। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## अनियमित आहरण और शासकीय राशि के दुरुपयोग की जांच की उठी मांग





### छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं में भी लोचा

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि छात्रावास में अध्ययनरत छात्राओं को शासन से मिलने वाली सामग्री, शैक्षणिक सुविधा, भोजन और अन्य आवश्यक संसाधनों का समुचित लाभ नहीं मिल पाया, जबकि संबंधित मदों में राशि आहरित की जाती रही है। शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की विशेष जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी पाए जाने पर राशि की वसूली, विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि निर्धारित समय में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो सर्वदलीय नागरिक कल्याण समिति कसडोल, पालक एवं महिला संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। फिलहाल इस मामले में प्रशासन की ओर से आधिकारिक जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी, लेकिन शिकायत पत्र सामने आने के बाद शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।

### सौंपी गई जांच रिपोर्ट

उक्त मामले की जांच पूरी हो चुकी है जिसकी जांच प्रतिवेदन उच्च कार्यालय जिला परियोजना, समग्र शिक्षा बलौदाबाजार को आज 13 जुलाई को सौंप दी गई है।
**-अरविंद ध्रुव** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल

### दुकानों, मजदूरी और सामग्री क्रय के नाम पर संदिग्ध बिल व भुगतान

उक्त शिकायत में दिलीप पान सेंटर, देव किराना स्टोर्स, प्रज्ञा फैंसी स्टोर कसडोल, नवीन पोल्ट्री फार्म तथा सब्जी-फल विक्रेताओं के नाम पर किए गए भुगतानों की भी जांच की मांग की गई है। आरोप है कि इन भुगतानों में वास्तविक आपूर्ति, बिल और भुगतान के बीच गंभीर अंतर हो सकता है तथा कुछ भुगतान फर्जी तरीके से दर्शाकर शासकीय राशि का आहरण किया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि अधीक्षिका द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर "सुपरिटेंडेंट" के नाम पर अपने खाते के माध्यम से लाखों रुपये आहरित किए जाने का मामला भी जांच का विषय है।

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी, हरियाणा-यूपी के तीन तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश, हरियाणा ले जाने की फिराक में इंटरस्टेट बस टर्मिनल में घूम रहे तीन युवकों को टिकरापारा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 10 किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने हरियाणा के पानीपत निवासी कपिल कटारिया, उत्तरप्रदेश प्रयागराज निवासी महेश दुबे तथा अनिल शर्मा को गिरफ्तार किया। तीनों युवक ओडिशा से गांजा लेकर रायपुर पहुंचे थे।

### पब, ढाबा, होटल और बार संचालकों की बैठक

**रायपुर।** सिविल लाइंस एसीपी, टीआई द्वारा तेलीबांधा क्षेत्र में संचालित पब, ढाबा, होटल, बार संचालकों की रविवार को बैठक ली गई, जिसमें सभी को निर्धारित समय अवधि में प्रतिष्ठान बंद करने तथा संबंधित प्रतिष्ठान के सामने वाहनों को निर्धारित पार्किंग में रखने, नाबालिग को किसी भी क्लब में प्रवेश न देने, प्रतिष्ठान के सामने वाहनों में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की नशा न करे, नशा करते पाए जाने पर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई करने चेतावनी दी गई है।

### 108 मुनि आगम सागर महाराज का 19 जुलाई को होगा मंगल प्रवेश

**रायपुर।** लगभग 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रायपुरवासियों को मुनि संघ सानिध्य का पावन वर्षायोग विद्यावंशी चातुर्मास 2026 के रूप में मिलने जा रहा है। आचार्य भगवन 108 विद्यासागर महाराज की प्रेरणा और वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से, 108 मुनि आगम सागर महाराज ससंघ सानिध्य का 'विद्यावंशी चतुर्मास 2026' अब श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, मालवीय रोड में सुनिश्चित हो गया है। दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र जैन गुरुकृपा एवं अध्यक्ष संजय नायक जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के अंतर्गत, मुनि 108 आगम सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश आगामी 19 जुलाई को संपन्न होगा। इस अविस्मरणीय दिन को भव्य रूप देने हेतु समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस विद्यावंशी चतुर्मास 2026 महा-अनुष्ठान को व्यवस्थित रूप देने के लिए रविवार को सुबह 9 बजे विद्यासागर हॉल, मालवीय रोड में सकल दिगंबर जैन समाज की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक रखी गई।

### मवेशियों का अवैध परिवहन, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मवेशियों का अवैध परिवहन करने के मामले में बसना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने सूचना मिलने पर 12 जुलाई को वाहन क्र. सीजी 09 जेबी 5574 में क्रूरतापूर्वक भरा गया है, और वाहन को छोड़कर चालक कहीं चला गया था। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर दो रास गोवंश को बरामद किया है। मामले की रिपोर्ट गोसेवा आयोग बसना विकास खंड के अध्यक्ष नंदकिशन साव ने दर्ज कराई है।

### घायल महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम, पुलिस ने बढ़ाई धाराएं

# नशे में डंडा मारकर पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोविंदवन में 12 जुलाई को घरेलू विवाद में एक कलयुगी पति ने अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। बिलाईगढ़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी परमेश्वर साहू ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि घटना के वक्त वह स्वयं भी शराब के नशे में था। मृतिका शराब के नशे में उसे और उसके घरवालों को गालियां दे रही थी। मना करने पर भी जब वह नहीं मानी, तो आक्रोश में आकर उसने बांस के डंडे से उसके सिर पर लगातार वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई।

बिलाईगढ़ पुलिस ने आरोपी परमेश्वर साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे सारंगढ़ उप जेल भेज दिया गया है।



### बांस के डंडे से हमला

पुलिस के अनुसार, आरोपी परमेश्वर पिता गणेश राम साहू ने अपनी पत्नी देवंतीन साहू के सिर पर बांस के डंडे से ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर दिया था। सूचना मिलते ही बिलाईगढ़ पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल सी.एच.सी. बिलाईगढ़ में भर्ती कराया। शुरुआती तौर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास धारा 109 (1) के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। हालांकि, इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा 103 (1) जोड़ी।

## जुनवानी में अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, खेत का पड़ोसी निकला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला

थाना भटगांव पुलिस टीम ने प्राण घात हमला कर, अंधे कत्ल के आरोपी को जेल भेजा।

प्रार्थी बलेश्वर पिता तुलसी टण्डन ग्राम जुनवानी थाना भटगांव ने बताया कि सुखाडीह सेमरसेही टण्डन के खेत मेड़ में तिल की बोआई करने सुबह लगभग 8 बजे गया था और शाम 6 बजे तक घर वापस नहीं आने से प्रार्थी द्वारा आस पास तथा उक्त खेत में जाकर खोजबिन की। जहां वह खेत में मृत हालात में पडा था, जिसके चेहरे में चोंट और सीने में गैंती घुसी हुई थी। रिपोर्ट पर शव पंचनामा कार्यवाही शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि मृतक पडोसी के खेत मेड़ को खेती किसानी के समय मेड को खांच देता था, जिससे आरोपी सकराम उर्फ बजरंग कुर्रे के बीच अक्सर विवाद होता था्र, जो दिनांक 10 जुलाई को मौका पाकर झगड़ा



### आरोपी को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर जेल

विवाद होने पर अपने हाथ में रखे डंडा से सिर में वार कर मृतक के खेत में गिरने से तथा मृतक के हाथ में रखे गैंती छुट जाने से, आरोपी द्वारा उसी गैंती से मृतक को वार कर सीने में गैंती के नुकिले भाग से मारकर सिने में ही छोड़ दिया, जिससे मौके पर मृतक तुलसी दास की मृत्यु हो गई थी। संदेही आरोपी सकराम उर्फ बजरंग पिता बिसाहु कुर्रे 67 साल पता ग्राम जुनवानी को तलब कर गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया, जिसमें आरोपी द्वारा अपराध कबूल करने पर विधिवत वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी पूछताछ की गई। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से विधिवत कार्यवाही करते हुए 13 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

# सीएम हेल्पलाइन बनी जरूरतमंद परिवार का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों के लिए भरोसे का प्रभावी माध्यम बन रही है। इसका एक और सकारात्मक उदाहरण जिले के सुहेला विकासखंड अंतर्गत ग्राम बासीन निवासी संगीता यादव एवं उनके पति किशोर यादव के परिवार में देखने को मिला। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को संगीता यादव के पति किशोर यादव को राशन कार्ड प्रदान किया।



■ सप्ताहभर में मिला राशन कार्ड

खेती और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले इस परिवार के लिए राशन कार्ड का अभाव लंबे समय से चिंता का विषय था। आर्थिक रूप से सीमित संसाधनों के बीच राशन कार्ड न होने के कारण उन्हें शासकीय खाद्यान्न योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर संगीता यादव ने लगभग एक सप्ताह पूर्व सीएम हेल्पलाइन में राशन कार्ड बनवाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सर्पदंश पीड़ित की डायल-112 ने बचायी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली की डायल-112 टीम ने मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए सर्पदंश से गंभीर रूप से पीड़ित एक ग्रामीण की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। आधी रात को मिली सूचना पर टीम ने अंतर-जिला सीमा की परवाह किए बिना बिलासपुर जिले के ग्राम मोहतरा (बिल्हा) पहुंचकर पीड़ित को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा पहुंचाया, जहां समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई।

पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 11 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि ग्राम मोहतरा निवासी एक युवक को जहरीले सांप ने काट लिया है और उसकी हालत लगातार बिगड़ रही है। सूचना मिलते ही सिटी



कोतवाली बलौदाबाजार की डायल-112 (बाज-2) में तैनात आरक्षक बिजेंद्र साहू एवं पायलट विनोद सेन तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने गंभीर हालत में मौजूद पीड़ित को सावधानीपूर्वक सरकारी वाहन में शिफ्ट किया और बिना विलंब किए सीएचसी ▶▶ शेष पेज 11 पर

# श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा तथा पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिप्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, पूर्व जीव-जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, जिला महामंत्री पद्मेश्वरी साहू, नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े श्रीराम मंदिर में चढ़ावे से संबंधित कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप गंभीर हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

### सीबीआई जांच की मांग

जिला प्रभारी महामंत्री रामकुमार साहू छल्ला सहित अन्य वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मामले में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि धर्म और आस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार स्वीकार्य नहीं है तथा जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच कराई जानी चाहिए।

# आयोग ने मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बीमा कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में फैसला सुनाया। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 200000 एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये एवं खाते में पूर्व जमा राशि 27288 परिवादिनी को प्रदाय किये जाने का आदेश दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम साबर, तहसील कसडोल निवासी परिवादिनी तिहारीन बाई पैकरा के पति स्व. फागुलाल पैकरा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### साक्ष्य पेश नहीं कर सकी बीमा कंपनी

आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त करने का मूल आधार लिया गया है कि मृतक द्वारा स्वयं लापरवाहीपूर्वक मोटर सायकल चलाते हुये दुर्घटना कारित किया है एवं उसके पास वैध व प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस नही था व आवश्यक दस्तावेज पोस्टमार्टम रिपोर्ट पेश नही किया गया है। ड्राइविंग लाइसेंस एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही होने की स्थिति में दावा राशि नही दिये जाने के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का दस्तावेजी साक्ष्य या प्रमाण विरोधी पक्षकार बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### गाजे बाजे के साथ उमड़ी आस्था

# ईल्दा में माता पहुंचनी का उल्लास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

दूसरे आषाढ़ पर सोमवार को ग्राम ईल्दा स्थित माता मंदिर में पारंपरिक माता पहुंचनी का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शाम से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

पूजन के पश्चात मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराया। आयोजन ▶▶ शेष पेज 11 पर

### विधि-विधान से हुई माता की आराधना

विशेष पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर में विधि-विधान से हुई माता की आराधना धार्मिक परंपरा के अनुसार माता की विशेष पूजा-अर्चना, नारियल अर्पण एवं विधि-विधान से आराधना की गई। इसके बाद ढोल, मंजीरा और पारंपरिक गाजे-बाजे की मधुर धुनों के बीच माता पहुचनी की रस्म संपन्न हुई। माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भजन-कीर्तन में शामिल हुए और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। यह जानकारी ग्राम के शिक्षक परमानंद साहू ने दी।

# चरौदा क पंचायत के सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा (क) में राजनीतिक घमासान गहराया हुआ है, जहां सरपंच पर विकास कार्यों में मनमानी और पंचों की उपेक्षा का आरोप है तो वही सोमवार को बड़ी संख्या में पंचों ने कसडोल एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन सौंप है। जनपद पंचायत कसडोल के ग्राम पंचायत चरौदा (क) में पंचों और सरपंच के बीच का विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। पंचायत में विकास कार्यों की गति ठप होने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर वार्ड पंचों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है।



### निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

पंचों का कहना है कि गांव के विकास कार्यों के संबंध में ली जाने वाली बैठकों में उनकी सहमति नहीं ली जाती और न ही प्रस्तावों पर चर्चा की जाती है। पंचो ने बताया कि सरपंच द्वारा केवल अपनी मनमानी से शासकीय राशि का आहरण और निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे हम ग्रामवासी सरपंच के मनमानी पूर्वक कार्य किये जाने को लेकर असंतुष्ट हैं। जिस पर विशेष बैठक बुलाकर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई है।

### पंचों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सोमवार 13 जुलाई को लामबंद हुए पंचों ने कसडोल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचकर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। मनमानी और उपेक्षा का आरोप एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में पंचों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत चरौदा (क) के वर्तमान सरपंच द्वारा लगातार पंचायत के नियमों की अवहेलना की जा रही है।

# शादियों का सीजन खत्म, सराफा की चमक फीकी पड़ी, अब त्योहारी सीजन से उम्मीद

## सोने-चांदी की कीमत कम ज्यादा होने से 80 फीसदी कारोबार प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी के लगातार घटते दाम के कारण प्रदेश का सराफा कारोबार एक बार फिर से 80 फीसदी तक चौपट हो गया है। कुछ दिनों तक शादियों के सीजन के कारण थोड़ी रौनक लौटी थी, लेकिन अब वापस कारोबार मंदा हो गया है। जहां एक तरफ निवेशकों ने हाथ खड़े कर दिए हैं, वहीं सामान्य ग्राहकों का भी टोटा हो गया है। सामान्य ग्राहक दाम और कम होने का इंतजार कर रहे हैं।

प्रदेश में रोज सोने और चांदी का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें से करीब 30 करोड़ का कारोबार निवेश से ही होता है। लेकिन अब निवेशकों ने हाथ खड़े कर दिए हैं तो रोज करीब 25 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो गया है। 80 फीसदी निवेश भी बंद हो गया है। यही नहीं आम खरीदारी भी बहुत कम होने के कारण सराफा कारोबारियों की हालत खराब हो गई है। आम खरीदारी भी 80 फीसदी कम हो गई है। कुल मिलाकर रोज का कारोबार अब दस करोड़ से भी कम का रह गया है। चांदी के आयात पर प्रतिबंध के कारण इसके दाम बढ़ने की संभावना थी, लेकिन अब दाम कम हो गए हैं। लेकिन इसके बाद भी खरीदारी नहीं हो रही है।

हरिभूमि फॉलोअप

### कारोबार चौपट

सराफा कारोबारियों के मुताबिक सराफा का कारोबार तो अब पूरी तरह से चौपट ही हो गया है। आम खरीदारी सोने और चांदी के रोज बदलते दाम के कारण पहले ही कम हो गई है। अब तो चांदी का आयात बंद होने के बाद चांदी का आना भी बंद हो गया तो इसका कारोबार नहीं के बराबर हो रहा है। इसी के साथ सोने के जेवरों की खरीदारी भी नहीं के बराबर हो गई है। आम लोग जो पहले सोने और चांदी में निवेश करने के लिए सोना और चांदी खरीदते थे, उनकी खरीदारी पूरी तरह से बंद है। अब कोई भी इसमें निवेश नहीं करना चाहता है। बड़े निवेशकों ने भी निवेश लगभग बंद कर दिया है। निवेशकों में रोज कम होते दाम के कारण दहशत है। जिन कारोबारियों के यहां रोज एक करोड़ का कारोबार होता है, उनका रोज का कारोबार अब 20 लाख का भी नहीं हो रहा है। छोटे कारोबारियों को कई बार बोहनी के भी लाले पड़ रहे हैं।



### चांदी 60 हजार सस्ती

चांदी पर बीते माह 16 मई से प्रतिबंध लगा है। इसके एक दिन पहले चांदी के दाम 287600 रुपए थे। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि चांदी का आयात बंद होने से निवेशकों की चांदी बाहर आएगी तो दाम बढ़ेंगे। लेकिन दाम बढ़ने के स्थान पर कम हो गए हैं। इस समय चांदी के दाम 227400 रुपए हैं। यानी चांदी के दाम करीब 60 हजार रुपए कम हो गए हैं। इसी के साथ सोने के दाम भी कम ही हुए हैं। सोना एक माह पहले 166600 रुपए था, यह अब 147400 रुपए हो गया है।

## खबर संक्षेप

### कुशालपुर से 16 को निकलेगी रथयात्रा



**रायपुर।** पीयूष नगर, कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर में 16 जुलाई को महाप्रभु श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा निकलने से पहले रथमार्ग की साफ-सफाई की जा रही है। यह जानकारी पं.अरविंद अवस्थी ने देते हुए बताया कि इस यात्रा में आसपास के साथ विभिन्न जिलों से भी श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो श्रद्धालु ओडिशा की जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल नहीं हो पाते, वे यहां की रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य फल प्राप्त करते हैं।

### सुभाष स्टेडियम की बिजली व्यवस्था सुधारने एक सप्ताह का समय

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने जोन 4 अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम की बिजली कटने की जानकारी पर दुकाने आबंटित करने वालों को विद्युत व्यवस्था सुधारने एक सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने, जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी को निर्देशित किया है कि नेताजी सुभाष स्टेडियम की दुकानों के आबंटितियों के दुकानों में विद्युत व्यय की गणना की कार्यवाही पारदर्शिता के साथ की जाए।

### शाला प्रवेशोत्सव में छात्राओं को साइकिलें वितरित



**रायपुर।** शहर के भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57 अंतर्गत बैरन बाजार हिन्दू हाई स्कूल में विगत दिनों शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया, साथ ही सरस्वती योजना के तहत विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 57 पार्षद अमर गिदवानी, पूर्व पार्षद एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमलता चंद्राकर उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय जसगीत और झांकी प्रतियोगिता 18 से



**रायपुर।** जय मां चण्डी सेवा एवं फाग मंडली द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 भाठागांव श्रीराम चौक, साहूपारा में शांति हवन एवं जंवारा विसर्जन के अवसर पर 16 जुलाई को धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में दो दिवसीय 18 से 19 जुलाई तक राज्य स्तरीय जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय मनमोहंद रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की जस मंडलियां एवं कलाकार पुरुष वर्ग, महिला वर्ग तथा झांकी वर्ग में अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 151 निर्धारित किया गया है। इस आयोजन को सफल बनाने में अनित साहू, एमसा साहू, पुन्नू साहू, लच्छू साहू, लाला साहू, नारायण साहू, गोलू साहू, ईश्वर साहू, मुकेश साहू, मनोज साहू, अजय आदि लगे हुए हैं।

## आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा

# नवा रायपुर बनेगा पीपल सिटी, 70 हजार पौधे लगाए, 5 साल में एक लाख और लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि नवा रायपुर को पीपल सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर में पूर्व में लगाए गए लगभग 70 हजार पौधों के अतिरिक्त आगामी पांच वर्षों में एक लाख से अधिक पीपल के पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्री चौधरी ने यह बात राज्य में मानसून-2026 के दौरान औद्योगिक इकाईयों द्वारा संचालित वृक्षारोपण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान कही। रायपुर के बेबीलॉन कैपिटल में हुई उच्चस्तरीय बैठक में राज्य की प्रमुख मीडियम एवं लार्ज स्केल औद्योगिक इकाईयों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों ने भाग लिया।



### वृक्षारोपण केवल लक्ष्य पूरा करने के लिए न हो

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल लक्ष्य पूरा करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों का जीवित रहना सबसे महत्वपूर्ण है। सही समय पर, उपयुक्त प्रजाति के स्वस्थ पौधों का रोपण तथा उनकी नियमित देखभाल और सिंचाई सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने उद्योगों से पीपल, शिरीष, नीम, आम, कटहल सहित स्थानीय एवं दीर्घायु प्रजातियों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में मियावाकी पद्धति जैसी आधुनिक वृक्षारोपण तकनीकों का उल्लेख किया है और ऐसे नवाचारों को अपनाने से हरित आवरण तेजी से बढ़ाया जा सकता है।

### उद्योग जुलाई तक वृक्षारोपण का लक्ष्य पूरा करें

मंत्री श्री चौधरी ने सभी उद्योगों से अपने परिसर तथा आसपास हरित वातावरण विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि 31 जुलाई तक वृक्षारोपण का निर्धारित लक्ष्य पूरा किया जाए तथा 15 अगस्त तक गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी तथा पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि अनिवार्य होगी।

### पर्यावरणीय मानकों से समझौता नहीं

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। राज्य सरकार निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, लेकिन पर्यावरणीय मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### नवा रायपुर बर्ड आइलैंड हो रहा है विकसित

उन्होंने बताया कि नवा रायपुर की पहचान बन चुकी सेंध लेक का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इससे लगभग 12 लाख घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता विकसित होगी तथा झील का क्षेत्रफल भी बढ़ेगा। झील के मध्य स्थित लगभग तीन एकड़ के द्वीप पर मियावाकी पद्धति से लगभग 25 हजार पौधे लगाए गए हैं, जिससे प्रवासी पक्षियों के लिए प्राकृतिक बर्ड आइलैंड (ईको-हब) विकसित किया जा रहा है। आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अध्यक्ष अंकित आनंद ने कहा कि पिछले एक वर्ष में मंडल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक लगभग 22 लाख पौधों का रोपण किया जा चुका है, पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव राजू अगासिमनी ने उद्योगों को निर्देश दिए कि प्रत्येक हेक्टेयर में न्यूनतम 2,500 पौधे लगाए जाएं तथा त्रि-स्तरीय (थ्री-लेयर) पौधरोपण के माध्यम से सघन ग्रीन बेल्ट विकसित की जाए। बैठक में राज्य की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर स्तर के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अकबर ने कहा- दस्तावेज पहले ही सार्वजनिक

# नकटी प्रकरण में वनमंत्री केदार की चुनौती स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने नकटी प्रकरण में मंत्री केदार कश्यप द्वारा दी गई चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा, जो दस्तावेज सार्वजनिक करने की बात मंत्री कह रहे हैं, वे पहले ही सार्वजनिक हैं। एक बयान में उन्होंने कहा, यह सत्य है कि शासकीय दस्तावेज स्पष्ट रूप से बताते हैं कि नकटी सहित सेरीखेड़ी, मंदिर हसौद, रमचंडी, बरौंदा और रीको की कुल 436.01 हेक्टेयर (करीब 1076 एकड़) भूमि को नगर विकास योजना के नाम पर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तावित योजना में नकटी की भी कुछ जमीनों को शामिल किया गया है। जिसके बारे में सरकार को स्पष्ट करने का आग्रह किया गया है कि इस योजना में वह विवादित जमीन तो शामिल नहीं है। वनमंत्री केदार कश्यप ने इस पर चुनौती देते हुए बयान दिया है कि मोहम्मद अकबर दस्तावेजों को सार्वजनिक करें।



- 1076 एकड़ भूमि नगर विकास योजना के नाम पर निजी हाथों में बेचने की तैयारी

### 245 पेज की निविदा जारी

उन्होंने कहा, सभी दस्तावेज सार्वजनिक हैं। मैंने 11 जुलाई को ही इसे मीडिया के लिए जारी किया है। मंत्री की चुनौती का स्वागत है, लेकिन इसके पहले उन्हें संबंधित विभाग की निविदा पढ़ लेनी चाहिए थी। मेरे द्वारा जो कहा गया है, वह सरकार के दस्तावेज पर आधारित है, किसी अफवाह के आधार पर नहीं। मंत्री की जानकारी के लिए स्पष्ट किया जा रहा है कि निविदा सूचना 245 पृष्ठों की है। प्रथम पृष्ठ में नवा रायपुर अटल नगर के लेयर-2 में स्थित टाउन डेवलपमेंट स्कीम (टीडीएस) के लिए आधारभूत संरचना के विकास हेतु डेवलपर के चयन, जिसके बदले मिश्रित उपयोग की भूमि के विकास एवं विक्रय अधिकार प्रदान किए जाएंगे, लिखा है। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई रखी गई है।

# पंडरी में जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात करके रायपुर पंडरी स्थित पुराने बस स्टैंड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग की है। इसके लिए मुख्यमंत्री को मांगपत्र भी दिया गया।

मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र में 9 ठोस आधार बताते हुए कहा गया, पंडरी पुराना बस स्टैंड की भूमि पहले से शासकीय है। नया अधिग्रहण न होने से समय और करोड़ों रुपए दोनों बचेंगे। एनएच 30, जीई रोड और रिंगरोड-1 के जंक्शन पर होने से एयरपोर्ट 15 मिनट, रेलवे स्टेशन 10 मिनट और नवा रायपुर 25 मिनट में पहुंचा जा सकता है। पूरे छत्तीसगढ़ से ग्राहक 2 घंटे में यहां पहुंच सकेंगे। पत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा गया कि खुला परिसर, चारों तरफ सड़क और पास में पुलिस कंट्रोल रूम होने से सीसीटीएनएस से सीधा कनेक्शन संभव है।

# पीसीसी अध्यक्ष बैज का 3 साल का कार्यकाल पूरा

## कहा- सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया है। तीन वर्ष के कार्यकाल को लेकर उन्होंने कहा, पिछले तीन वर्षों में कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ आक्रामक तरीके से जनता के समस्याओं के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में संगठन के कार्यों में भी तेजी आई है। मंडल, पंचायत, बूथ कमेटी बनाई गई हैं। संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण कराया गया, आगे भी संगठन का कार्य सामूहिक नेतृत्व में किया जाएगा।

### बिजली पर भाजपा की दोहरी नीति

उन्होंने बिजली कटौती और बिजली की दामों में वृद्धि को लेकर कहा, ढाई साल में पांच बार बिजली बिल बढ़ाया गया है। सरकार सोलर पैनल से मुफ्त बिजली देने की बात करती है, लेकिन सोलर पैनल से सस्ती बिजली खरीदकर महंगे दामों पर बेच रही है। यह भाजपा सरकार की दोहरी नीति है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में प्रदर्शन

अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मुद्दे पर दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस सोमवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस चढ़ावा चोरों को बेनकाब करेगी।


# वन्यजीवों की तस्करी, मानव-हाथी द्वंद्व रोकने यूएसटीआर में लगाए जाएंगे एआई पीटूपी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

वन्यजीव संरक्षण एवं वन सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण तकनीकी पहल करते हुए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में एआई आधारित स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम का ट्रायल प्रारंभ किया गया है।

यूएसटीआर जैसे संवेदनशील वनक्षेत्र में पाइंट-टू-पाइंट (पीटूपी) मॉड्यूल कैमरे लगाए जा रहे हैं। पीटूपी कैमरे लगाने 70 से 80 फीट ऊंचे टॉवर लगाए जाएंगे। ट्रॉली कैमरों का उपयोग कर टाइगर रिजर्व के दूरस्थ एवं दुर्गम वनक्षेत्रों में वन्यजीवों की गतिविधियों तथा अवैध गतिविधियों की रीयल टाइम निगरानी की जाएगी। प्रारंभिक चरण में पीटूपी कैमरे ओडिशा सीमा से लगे संवेदनशील वनक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, रिसगांव, दक्षिण उदंती तथा पायलिखंड उत्तर उदंती रेंज में लगाए जा रहे हैं। यह घना वनक्षेत्र हाथियों सहित अन्य वन्यजीवों का महत्वपूर्ण कॉरिडोर है।




### ऐसे काम करेंगे कैमरे

यह तकनीक केंद्रीय सर्वर की आवश्यकता को कम करती है, जिससे सुरक्षा प्रणालियां अधिक तेज, सुरक्षित और विकेंद्रीकृत हो जाती हैं। पारंपरिक क्लाइंट-सर्वर मॉडल के विपरीत, पीटूपी कैमरे और देखने वाले उपकरण, जैसे स्मार्टफोन या पीसी के बीच सीधा कनेक्शन स्थापित करता है। इसमें वीडियो फीड को क्लाउड या सेंट्रलाइज्ड सर्वर पर लगातार अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होती।

### किसी भी हलचल की रीयल टाइम मिलेगी जानकारी

किसी वन्यजीव अथवा संदिग्ध व्यक्ति की पहचान होने पर पीटूपी कैमरा तत्काल वाट्स एप मैसेज के माध्यम से फ्रंटलाइन वन कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सूचना प्रेषित करेगा, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। पीटूपी वायरलेस संचार तकनीक (मैश-नेटवर्क) के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। इससे घने जंगल, पहाड़ी क्षेत्रों में भी निर्बाध वीडियो स्ट्रीमिंग एवं रीयल टाइम निगरानी संभव होगी, जहां इंटरनेट नेटवर्क उपलब्ध नहीं है, वहां इसके लिए मैनपुर में उपलब्ध फोर-जी, फाइव-जी को 15-20 किलोमीटर दूरी पर स्थित एंटी पोचिंग कैंप, चौकियों तक पहुंचाया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में बिजली के बढ़ते दाम और बिजली बिल को लेकर कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन

**पूर्व विधायक उपाध्याय की अनोखी प्रार्थना- हे ट्रांसफार्मर और मीटर देव, बिजली बिल कम कर दो**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अघोषित बिजली कटौती, बढ़ते बिजली बिल और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर कांग्रेस ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय की अगवाई में कार्यकर्ताओं ने ट्रांसफार्मर और बिजली मीटर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सरकार को निशाने पर लिया। प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने महंगी बिजली और लगातार हो रही कटौती के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कॉलोनी में पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच ट्रांसफार्मर और बिजली मीटर की पूजा की। ट्रांसफार्मर पर तिलक लगाया गया, स्वास्तिक बनाया गया, अगरबत्ती जलाई गई और आरती उतारी गई। इसके बाद इसी तरह बिजली मीटर की भी पूजा की गई। कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर बिजली बिल कम आने और अघोषित बिजली कटौती खत्म होने की प्रार्थना की। कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल कम करने और बिजली संकट दूर करने की मांग वाली तख्तियां भी हाथों में थाम रखी थीं।

### अब भगवान ही करें चमत्कार

कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय ने कहा कि बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन करने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए भारतीय परंपरा के अनुसार भगवान से प्रार्थना कर यह अनोखा प्रदर्शन किया गया, ताकि बिजली के दाम कम हों, अघोषित कटौती रुके और आम जनता को राहत मिल सके। कांग्रेस ने इस प्रदर्शन के जरिए सरकार पर बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए।

### सोलर पैनल की बिजली 1.80 रुपए में खरीद रही सरकार

उन्होंने कहा, सोलर पैनल के माध्यम से अधिक बिजली उत्पादन पर बिजली सरकार द्वारा क्रय की जाएगी। जनता को सरकार 4 से 8 रुपए प्रति यूनिट की दर से चार्ज कर रही है। सोलर पैनल से उत्पादन बिजली की लगभग 1.80 रुपए यूनिट की दर से खरीदी जा रही है। ये तो सीधे-सीधे जनता को छलने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है।

# लेटलतीफी का रिकार्ड तोड़ रहीं दर्जनों ट्रेनें सारनाथ और शालीमार की शिकायत ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों के लगातार विलंब से चलने के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर हर दिन सोशल मीडिया पर दर्जनों शिकायतें दर्ज हो रही हैं। रेल अधिकारियों की ओर से यदा-कदा ट्रेनों को समय पर चलाने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन इसका असर ट्रेनों के परिचालन में नजर नहीं आ रहा है। न तो ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई जा रही है और न ही वे निर्धारित समय पर गंतव्य तक पहुंच पा रही हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और इससे जुड़े रेलमार्गों पर चलने वाली कई ट्रेनों की लेटलतीफी अब आम हो गई है। पिछले एक सप्ताह के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर यात्रियों ने रेल मंत्रालय, रेलवे सेवा, डीआरएम रायपुर, डीआरएम बिलासपुर समेत रेलवे के अन्य अधिकारियों को टैग करते हुए ट्रेनों के घंटों देर से चलने की शिकायतें दर्ज कराईं। रोजाना हजारों यात्री बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग और राजनांदगांव से रायपुर आते-जाते हैं।



लोकल ट्रेनों के विलंब का असर अब एक्सप्रेस ट्रेनों पर भी दिखाई देने लगा है। हरिभूमि ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दर्ज शिकायतों की पड़ताल की तो यह तथ्य सामने आया कि केवल एक महीने में ही ट्रेनों के समय पर नहीं पहुंचने को लेकर 70 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। वहीं सप्ताहभर में ही शिकायतों की संख्या 15 से 20 तक पहुंच रही है। रायपुर से बिलासपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति सुबह से ही प्रभावित रही। वहीं दुर्ग-नागपुर रूट पर चलने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक देर दर्ज की गई। मुंबई रूट से आने वाली कई ट्रेनें भी घंटों विलंब से पहुंचीं। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों के लगातार लेट होने से उनका पूरा यात्रा कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है।

### *हसदेव, अंबिकापुर-साउथ बिहार एक्सप्रेस बनीं भरोसेमंद*

*जहां कई ट्रेनें लगातार विलंब से चल रही हैं, वहीं कुछ ट्रेनें अभी भी समय अनुसार अपनी चाल बनाए हुए हैं। रायपुर पहुंचने वाली हसदेव एक्सप्रेस, अंबिकापुर एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस निर्धारित समय पर चल रही हैं। हसदेव एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे कोरबा से रायपुर पहुंचती है और पिछले कई महीनों से इसके विलंब से चलने की शिकायत नहीं मिली है। इसके अलावा समता, संपर्क क्रांति, बीकानेर एक्सप्रेस और दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस भी दोनों दिशाओं में समय पर पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों के बीच इन ट्रेनों ने भरोसा कायम रखा है।*

### *ये ट्रेनें चल रहीं लेट*

ट्रेनों की लेटलतीफी से नौकरीपेशा लोगों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्र भी परेशान हैं। सबसे अधिक शिकायतें सारनाथ एक्सप्रेस को लेकर सामने आई हैं। इसके अलावा गोंडवाना एक्सप्रेस, अंतागढ़–रायपुर डेमू, झारसुगुड़ा मेमू, शालीमार–एलटीटी एक्सप्रेस, दुर्ग–पुरी एक्सप्रेस, बिलासपुर सुपरफास्ट इंटरसिटी, गीतांजलि एक्सप्रेस, मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस और आजाद हिंद एक्सप्रेस भी अक्सर विलंब से रायपुर पहुंच रही हैं। लगातार विलंब से चलने के कारण यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है और स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त किराया देने के बावजूद अपेक्षित सुविधा नहीं मिल पा रही है। *कई यात्रियों की आगे की ट्रेनें और अन्य परिवहन साधन भी छूट जा रहे हैं।*

## खबर संक्षेप



### 4 सावन सोमवार को विशेष योग लाभकारी

**हिरमी रावन।** भगवान शिव की आराधना का पवित्र श्रावण मास इस वर्ष 30 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त तक रहेगा। सावन माह को लेकर जिले के शिवालयों और मंदिरों में अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूरे माह शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा।इस वर्ष सावन माह में चार सोमवार पड़ रहे हैं, जिन्हें धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। सावन का पहला सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त तथा चौथा एवं अंतिम सोमवार 24 अगस्त को रहेगा। इन चारों सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।सावन माह में इस बार कई प्रमुख पर्व और विशेष संयोग भी बन रहे हैं। 10 अगस्त को प्रदोष व्रत, 11 अगस्त को सावन शिवरात्रि, 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या तथा 17 अगस्त को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। वहीं 28 अगस्त को रक्षाबंधन और श्रावण पूर्णिमा के साथ पवित्र श्रावण मास का समापन होगा।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रेमड़ा निवासी छेदीलाल परमार अपने साथी गोवर्धन बारिक के साथ 9 जुलाई को बाइक से घर जा रहा था। गांव के नवीन बाघ के घर के पास पहुंचने पर नवीन बाघ व प्रवीण बाघ की पत्नी अनीता बाघ वहां पर आ गये और जमीन विवाद की पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। मामलेकी रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक से गिरे युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में बाइक से गिरे युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई की शाम 6 बजे बेलसोंडा का गैंदलाल चंद्राकर बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गौरव जांगड़े अपनी बाइक को प्रार्थी की बाइक की ओर ले गया, जिससे दोनों गिर गए। इसी दौरान गौरव जांगड़े ने गैंदलाल के पीठ में मुक्का मार दिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## नवप्रवेशी छात्राओं को मीठा खिलाकर किया स्वागत, वितरित की गईं पाठ्यपुस्तकें

# शाला प्रवेशोत्सव में प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पंचम दीवान शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक हिंदी मध्यम उत्कृष्ट विद्यालय भाटापारा में 13 जुलाई को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदकिशोर वैष्णव पार्षद शंकर वार्ड भाटापारा, विशेष अतिथि गायत्री आडिल शिक्षाविद शाला प्रबंधन एवं समिति भाटापारा भास्करचंद्र देवांगन विकासखंड शिक्षा अधिकारी भाटापारा, शैलेंद्र नामदेव संकुल प्राचार्य पंचम दीवान मुकेश देवांगन संकुल समन्वक पंचम दीवान भुनेश्वरी लहरे अध्यक्ष, चंद्रप्रभा ठाकुर उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति संस्था प्रमुख प्रधानपठिका सुशीला वर्मा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा के साथ किया गया तत्पश्चात अतिथि गणों का स्वागत किया गया।

मीठा खिलाकर किया और पुस्तक वितरण किया गया। 2025-2026 में कक्षा 6वी, 7वीं एवं 8वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय और विविध कार्यक्रम जैसे रंगोली, राखी निर्माण, दिया सजाओं, कार्ड निर्माण, विज्ञान मॉडल, गणित मॉडल, इंस्पायार अवार्ड मे चयनित छात्रा माला निषाद, मिताली साहू तथा राष्ट्रीय प्रतिभा साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्रा रागिनी बंजारे, किरण बंजारे, इशिका कोसले इन सभी बच्चों का सम्मान मोमेंटो देकर किया गया।



### बाल केबिनेट छात्राओं का शपथ ग्रहण

सत्र 2026-2027 में विद्यालय एवं कक्षा में नव गठित बाल केबिनेट तथा कक्षा नायकों का शपथ ग्रहण मुख्यातिथि नंदकिशोर वैष्णव द्वारा कराया गया। शाला नायिका हिनु निषाद 8वीं ब, उपशाला नायिका आरवी बाहेकर 8वीं अ, सांस्कृतिक नायिका हेमा ध्रुव, माही यादव, स्वस्थ एवं स्वछता नायिका अलिसा बानो, अंकिता कोसरिया, विज्ञान नायिका प्रियांशी कोसले, 7वीं ब कक्षा नायिका मानसी यद्यु, उपकक्षा नायिका भूमिका कंठाले आदि। कार्यक्रम का संचालन मुकेश वर्मा शिक्षक, व्यस्थापक - शिवमंगल सिंह ठाकुर, प्रियंका चौबे, भूमेश्वरी वर्मा, बसंती यादव, पालकगण एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### मिरगी विद्यालय में कॉपी और पेन का वितरण



**अर्जुनी।** नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में गायत्री पिता चेतन वर्मा के विवाह पर उनकी बहनें दीपाली वर्मा एवं रानू वर्मा द्वारा विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को भेंट स्वरूप कॉपी एवं पेन वितरित किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। प्रधानपाठक ईश्वर प्रसाद रजक एवं समस्त शिक्षकों गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन, गिरीश कुमार वर्मा, राजेश कुमार सेन, सत्यनारायण बंजारे, प्रेम माया ध्रुव, माधुरी कंवर ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार का सहयोग बच्चों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करता है। समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत बनाता है। विद्यालय परिवार ने कहा कि सामाजिक अवसरों पर शिक्षा से जुड़े ऐसे प्रेरक कार्य अन्य लोगों के लिए भी अनुकरणीय हैं।

## छात्रों को मिला नि:शुल्क गणवेश, बच्चों के चेहरों पर दिखा उत्साह



**खरोरा।** संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शासकीय निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। गणवेश प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क गणवेश योजना विद्यार्थियों में समानता, आत्मविश्वास तथा विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा पूरे मनोयोग से अध्ययन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सहयोगी शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं भारती तांती ने भी गणवेश वितरण में सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता, नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय परिवार ने इस जनहितकारी योजना के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। संकुल समन्वयक कांत कुमार एवं संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्राप्त सुविधाओं का सदुपयोग करते हुए लगन एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी।

## इंटक प्रदेश अध्यक्ष दिलीप वर्मा की रिहाई पर समर्थकों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सीमेंट आंदोलन के बाद जेल भेजे गए इंटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप वर्मा की रिहाई के बाद प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं श्रमिक संगठनों में उत्साह का माहौल है। इंटक कांग्रेस ने उनकी रिहाई को सत्य, न्याय और श्रमिक संघर्ष की जीत बताते हुए कहा कि मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगी।

■ संगठन ने बताया सत्य और संघर्ष की जीत

जारी बयान में संगठन ने आरोप लगाया कि सीमेंट आंदोलन की सफलता के बाद दिलीप वर्मा को षड्यंत्र पूर्वक जेल भेजा गया था। संगठन का कहना है कि मजदूरों के न्यायपूर्ण अधिकारों की आवाज उठाने के कारण उनके विरुद्ध यह कार्रवाई की गई थी।

रिहाई के बाद दिलीप वर्मा ने कहा कि उनका संघर्ष हमेशा मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए रहा है तथा भविष्य में भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। उन्होंने इस दौरान साथ खड़े रहने वाले श्रमिक संगठनों, कांग्रेस नेतृत्व, अधिवक्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इंटक कांग्रेस ने अपने बयान में कहा कि संगठन मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा और किसी भी प्रकार के दबाव या दमन से पीछे नहीं हटेगा। संगठन ने विश्वास जताया कि श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई अब पहले से अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी।

## पीएचक्यू ने दो कर्मचारियों को दी विदाई



**भाटापारा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हैंडपंप तकनीशियन समिति द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। पेंशनधारी कल्याण संघ भवन में सेवानिवृत शिवकुमार साव एवं सालिक राम वर्मा का अर्धवार्षिकी पूर्ण होने पर उन्हें विदाई दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रघुनाथ प्रसाद पटेल थे। अध्यक्षता कृष्ण कुमार धीवर जिला अध्यक्ष हैंडपंप तकनीशियन समिति थी। विशेष अतिथि जिला संरक्षक प्रकाश जाधव थे। साव एवं वर्मा का सम्मान प्रकाश कुमार वर्मा, जितेन्द्र पाटनवार, रवीन्द्र बारले, श्रीमती ऐमरनसिया टोप्पो, सिमगा द्वारा किया गया। पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा द्वारा साल भेंट कर किया गया।

प्रकाश जाधव द्वारा भी साल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि रघुनाथ पटेल, कृष्ण कुमार धीवर, कमल नारायण यदु, दीपक मिश्रा, हेमलाल वर्मा, ममता वर्मा, कुमारी बिना साहू द्वारा सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में श्री यशपाल लहरे, इलेशिस बैक,रमेश वर्मा, शिवकुमार वर्मा, ढाल सिंह ठाकुर, सुरेश बाजपेयी उपस्थित थे।

## रायपुर जिला प्रधानाचार्य की बैठक में 68 शिक्षकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम भारती जिला रायपुर के समस्त ग्रामीण विद्यालय शिशु मंदिर के प्रधानाचार्यों का तीन दिवसीय योजना बैठक 11 जुलाई सायं से 13 जुलाई दोपहर तक कोसरंगी विद्यालय के प्रांगण में हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अधिकारी ठाकुरराम कुर्रे पूर्व प्राचार्य का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उसने शिशु मंदिर में वर्ष भर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। संदीप साहू समाजसेवी द्वारा गौ सम्मान अभियान और पर्यावरण के बारे में बहुत प्रेरणादायक उद्बोधन प्रदान किया। इस वर्ग में जिला अध्यक्ष पुनाराम वर्मा ने ग्राम भारती के छः आयाम पंच परिवर्तन नागरिक कर्तव्य के बारे में जानकारी प्रदान की। उसी तरह जिला सचिव सुरेंद्र नशीने ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा केन्द्रांश परीक्षा शुल्क आचार्य कल्याण कोष के बारे में बताया जिला कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा ने उपस्थित प्रधानाचार्यों को जिले में संस्कार केंद्र संचालन की जानकारी जिला खेलकूद बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन समय पालन अनुशासन आचार्य दैनंदिनी आवर्ती प्रशिक्षण आचार्य दायित्व आरटीई जिले में होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में नवीन योजना और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा के बारे में जानकारी साझा की। बैठक में 5 प्राचार्य, 42 प्रधानाचार्य, 5 जिला समिति स्थानीय विद्यालय से 17 दीदी आचार्य सहित कुल 68 की संख्या उपस्थित रहे।

## पीएम फसल बीमा योजना पर बैंकर्स को दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ फसल 2026 के सन्दर्भ में विभिन्न बैंकों को आवश्यक जानकारी हेतु प्रशिक्षण का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय बलौदाबाजार के सभाकक्ष में किया गया। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड के अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता द्वारा बैंक अधिकारियो को आवश्यक जानकारी दी गई।

जानकारी देते हुए बताया गया कि विभिन्न फसलों के लिए बीमा की प्रीमियम राशि क़ृषि ऋण खातों से 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक कटौती कर ली जानी हैं और उसे बीमा से सम्बंधित आवश्यक जानकारी सहित 15 अगस्त 2026 तक ड्राफ्ट अथवा एनईएफटी, आरटीजीएस के माध्यम से बीमा कंपनी को भेजी जानी है। बीमा की राशि सिंचित भूमि प्रति हेक्टेयर 1320 रुपये एवं प्रति एकड़ 534 रूपये बताया गया। जो कृषक बीमा नहीं कराना चाहते हैं वे सम्बंधित बैंक शाखा जाकर आवश्यक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं जो ओटीपी आधारित है।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवकुमार कंवर एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों ने भाग लिए।

## पेज 9 के शेष

### कस्तूरबा गांधी बालिका ...

**एक ही व्यक्ति के नाम पर अलग-अलग पदों में भुगतान दर्शाने का आरोप:** शिकायतकर्ता का कहना है कि विद्यालय में छात्राओं के नाम पर शासन से मिलने वाली सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था, भोजन, सामग्री तथा अन्य खर्चों में गंभीर अनियमितताएं की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ व्यक्तियों के नाम पर अलग-अलग अवधि में चौकीदार, ट्यूशन शिक्षक, कंप्यूटर शिक्षक, अतिथि शिक्षक, अंशकालीन शिक्षक आदि पदों पर भुगतान दर्शाया गया। इनमें माधुरी साहू, मधु यादव, रुखमणी साहू, अनुप साहू और हेमा साहू सहित अन्य नामों का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि कई मामलों में एक ही व्यक्ति के नाम पर अलग-अलग पदों में राशि जारी की गई, जबकि कुछ भुगतान दुकानों और मजदूरी मद के नाम पर भी संदिग्ध रूप से दर्शाए गए हैं।

### सीएम हेल्पलाइन ...

की। त्वरित प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आज कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने संगीता यादव के पति किशोर यादव को राशन कार्ड प्रदान किया। राशन कार्ड प्राप्त होने पर किशोर यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनके परिवार को समय पर शासकीय राशन का लाभ मिल सकेगा, जिससे घरेलू खर्च का बोझ कम होगा और परिवार को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी समस्या का इतनी शीघ्र समाधान होगा, इसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन सरकार की संवेदनशील कार्यशैली से आम लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

### सर्पदंश पीड़ित की...

बिल्हा पहुंचाकर भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि सर्पदंश के मामलों में समय पर अस्पताल पहुंचना सबसे महत्वपूर्ण होता है। डायल-112 टीम की तत्परता के कारण मरीज को समय पर एंटी-स्नेक वेनम सहित आवश्यक उपचार मिल सका, जिससे उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर है। डायल-112 टीम की इस कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना की पीड़ित परिवार, चिकित्सकों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने सराहना की है।

वर्षा ऋतु में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसी स्थिति में झाड़-फूंक या अंधविश्वास का सहारा लेने के बजाय पीड़ित को तुरंत नजदीकी शासकीय अस्पताल पहुंचाएं या डायल-112 की सहायता लें। समय पर उपचार ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।

### आयोग ने मृतक...

का भारतीय स्टेट बैंक कसडोल में खाता था, जिससे मृतक फागुलाल पैकरा द्वारा प्रीमियम राशि देकर विरोधी पक्षकार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना पालिसी लिया था। दुर्घटना में फागुलाल पैकरा की मृत्यु होने पर मृतक की पत्नी परिवादिनी तिहारीन बाई पैकरा द्वारा मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्राप्त करने बाबत बीमा कंपनी के कार्यालय में बीमा दावा प्रस्तुत किया गया। बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादिनी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया।

### ईल्दा में माता...

के दौरान सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और धार्मिक एकता की झलक देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि दूसरे आषाढ़ पर माता पहुचनी का यह धार्मिक आयोजन वर्षों से गांव की परंपरा का हिस्सा रहा है। हर वर्ष इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और गांव की खुशहाली, अच्छी फसल तथा सभी के सुखद जीवन की कामना करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हेमन्त बने भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक

**सिमगा।** जिला भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक हेमन्त साहू को बनाया गया है। उनकी नियुक्त से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह है। इससे पूर्व में वे भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, कसडोल विधानसभा के प्रभारी रह चुके हैं



तथा मंडल से लेकर जिले में विभिन्न दायित्वों का निर्वाहन कर चुके हैं। श्री साहू ने 2008 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र राजनीतिक से अपनी राजनीतिक सफर शुरू किया जो आज क्षेत्र में युवाओं के साथ व्यापारियों में भी उनकी पकड है। उनकी नियुक्ति पर भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द यादव, हेमसिंह चौहान, मनोज टोंडे, चंपेशवर साहू, राम देवांगन, अनिकेत पाण्डेय, मनराखन यदु, रोशन साहू प्रकाश यादव, नरेन्द्र साहू, मोमेस डहरे आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

### चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में प्रशासनिक अधिकारी, विरोध शुरू

**रायपुर।** चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अपर संचालक के पद पर गैर चिकित्सकीय अधिकारी की नियुक्ति के खिलाफ विभिन्न संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। तर्क दिया गया है कि चिकित्सा शिक्षा एक अत्यंत विशिष्ट, तकनीकी एवं विशेषज्ञता आधारित क्षेत्र है। इस विभाग में लिए जाने वाले नीतिगत एवं प्रशासनिक निर्णय सीधे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सा शिक्षकों, रेजिडेंट डॉक्टरों, इंटर्न चिकित्सकों तथा लाखों मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण तकनीकी पदों पर अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों की नियुक्ति होना चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता, प्रभावी नेतृत्व तथा पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है। उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव ने शीर्ष तकनीकी पदों पर चिकित्सकों के स्थान पर गैर-चिकित्सकीय अधिकारियों की नियुक्ति से नीति निर्माण एवं निर्णय प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका जताई है।

### आईएमए की पहल कुपोषण मुक्ति का संकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कुपोषण मुक्ति का संकल्प अब एक जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप और कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की संयुक्त पहल ने सारंगढ़ विकासखंड में उम्मीद की एक नई किरण जगाई है। हाल ही में आयोजित एक विशेष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से न केवल 30 कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, बल्कि उनके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक की जिम्मेदारी भी उठाई गई है। यह

### वकीलों की पहल और समझाइश से फिर एक हुआ बिखरा परिवार

**रायपुर।** कुटुंब न्यायालय रायपुर में लंबे समय से चल रहे एक पारिवारिक विवाद का सुखद अंत दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की सकारात्मक पहल और समझाइश से हो गया। वर्ष 2024 से घरेलू विवाद के कारण अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी ने अपने तीन बच्चों के उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। प्रकरण प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय रायपुर विवेक तिवारी की अदालत में प्रकरण क्रमांक एमसीसी /40/25 के रूप में लंबित था। आवेदिका पत्नी ने अपने तथा अपने तीन बच्चों के भरण-पोषण के लिए धारा 144, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के अंतर्गत प्रति माह 25,000 भरण-पोषण की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले में आवेदिका की ओर से अधिवक्ता विजयलक्ष्मी वर्मा तथा अनावेदक की ओर से अधिवक्ता भगवानू नायक, उर्वशी घोषपाल एवं पारसमणि नायक पैरवी कर रहे थे।

# संयंत्र ने गुमा स्कूल में आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा सोमवार को उपस्वास्थ्य केंद्र गुमा के सहयोग से हायर सेकंडरी स्कूल गूमा में किशोरी बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में स्वास्थ्य, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की 103 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

■ 103 किशोरी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

## स्वास्थ्य, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर दी गई जानकारी




### मासिक धर्म स्वच्छता की दी जानकारी

कार्यक्रम में उपस्वास्थ्य केंद्र गुमा की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नीतू साहू ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए।

इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजेश साहू, खुमान देवांगन, अर्चना मिंज, मंजू चौहान, ममता ध्रुव, ज्ञानेश्वरी साहू तथा मितानिन शकुंतला साहू उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय सहित सीएसआर टीम के द्वारिका वर्मा, सुरेंद्र यादव, हेमलता ध्रुव, जानकी यादव, सुनीता निषाद, ताराचंद वर्मा, गुमान साहू एवं साहिल बांधे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## समस्या : धान की फसल रौंद रहे आवारा मवेशी

# रात में सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़े हादसे, स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

अंचल में इन दिनों आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या आमजन और किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। दिन के समय यही मवेशी खेतों में घुसकर धान की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जबकि रात होते ही मुख्य सड़कों और ग्रामीण मार्गों पर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक और अन्य राहगीर इन मवेशियों से टकराकर घायल हो रहे हैं। कई मामलों में मवेशियों को भी चोट पहुंच रही है।बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। रात के समय दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को सड़क पर बैठे मवेशी समय रहते दिखाई नहीं देते। अचानक सामने आने पर वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग मामूली से लेकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, लेकिन अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।



### किसानों की बढ़ी चिंता

दूसरी ओर किसान भी आवारा मवेशियों से बेहद परेशान हैं। दिनभर खेतों में घूमने वाले मवेशी धान की नई फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई किसानों ने बड़ी मेहनत और खर्च से धान की बुवाई की है, लेकिन मवेशियों के खेतों में घुसने से फसलें रौंदी जा रही हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेतों की रखवाली के लिए किसानों को दिन-रात निगरानी करनी पड़ रही है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

### गौठानों को सुदृढ़ करने और कार्रवाई की उठी आवाज

ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों की समस्या का शीघ्र स्थायी समाधान किया जाए। रात के समय सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, गौठानों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए तो सड़क हादसों पर रोक लग सकेगी और किसानों की मेहनत से तैयार हो रही धान की फसल भी सुरक्षित रह पाएगी। ग्रामीणों का मानना है कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और पशुपालकों को मिलकर ठोस पहल करनी होगी, तभी लोगों को राहत मिल सकेगी।

## नवाचारी शिक्षिका सुखमती चौहान ने वृद्धाश्रम पहुंच कर बांटी खुशियां



**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला फर्सवानी में पदस्थ समर्पित एवं नवाचारी शिक्षिका सुखमती चौहान ने कुधरी ग्राम (सारंगढ़) स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। हीरा देवी निराला के नेतृत्व में संचालित इस आश्रम में पहुंचकर उन्होंने सभी बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की और उन्हें साड़ी व बड़े तौलिए वितरित किए।

बुजुर्गों की आंखों में उम्मीद और चेहरों पर मुस्कान देख भावुक हुईं, शिक्षिका सुखमती ने उन्हें जीवन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, यह जीवन अनमोल है। यदि हम सचमुच भगवान की सेवा करना चाहते हैं, तो हमें मनुष्यों की सेवा करनी चाहिए। समझ आधारित शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अगर आज समाज में सही समझ वाली शिक्षा दी जाए, तो दुनिया में वृद्धाश्रमों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

शिक्षिका के स्नेह से प्रभावित होकर बुजुर्गों ने उनसे जल्द दोबारा आने का आग्रह किया, जिस पर उन्होंने इसी महीने वापस आने का वादा किया। साथ ही उन्होंने इच्छा जताई कि सेवानिवृत्ति के बाद वे अपना पूरा जीवन आश्रम में रहकर बुजुर्गों की सेवा में समर्पित करना चाहती हैं। बुजुर्गों ने इस आत्मीयता के लिए उन्हें ढेरों दुआएं और आशीर्वाद दिया।

# ग्रामीण विकास समिति का पेड़दान महादान अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पंचायत माठ मौनी आश्रम में ग्रामीण विकास जनहित कल्याण समिति द्वारा पेड दान महादान अभियान द्वारा शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि नारायण प्रसाद पाली जनपद उपाध्यक्ष दुलारी सुरेंद्र वर्मा, संदीप वर्मा थे। नारायण प्रसाद पाली ने कहा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहतर काम किया जा रहा है। जो इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं पेडदान महादान अभियान की गई।

जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र दुलारी वर्मा ने कहा पंचायत माठ में मौली आश्रम जब मैं पूर्व में सरपंच था तो इस जगह सुरक्षित किया, ताकि आने वाले दिनों में हमारे गांव के बच्चे और हमें ऐसे नेक काम होते रहे। सत्संग भी जीवन में जरूरी है। बिना गुरु का ज्ञान नहीं मिलता। इस प्रकार पेड़ भी जीवन का महत्व है। बिना पेड़ पौधे का हम जीवित नहीं रह सकते और इस काम को यह समिति द्वारा किया जा रहा जो प्रशंसनीय है। संदीप वर्मा ने कहा की जो यह काम पर्यावरण संरक्षण के लिए कर रहे हैं आने वाले दिनों में हमें पेड़ पौधे से फल ऑक्सीजन मिलेगा। एक पेड़ एक पुत्र के बराबर होते हैं। इसे पुत्र से भी बढ़कर माना जाता है और पौधे को बचाना हमारा कर्तव्य है। पेड़ लगा देने से पर्यावरण संरक्षण नहीं होगा। कार्यक्रम को अन्य सदस्यों ने भी संबोधित किया।





इस मौके पर टकसाल दास साहेब, महिला अध्यक्ष पूजा पाल, केवरा पाल, आराधना पाल, पुष्पा पाल, इंद्राणी पाल, मोनिका वर्मा, तुलाराम वर्मा, अशोक शर्मा, चेतन वर्मा, संतोष वर्मा, गंगा पाल, धनेश्वरी वर्मा, राजेश शर्मा, दयाल साहू एवं समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण ग्रामवासी मौजूद थे।

# पेंशनरसंघ ने मनायी स्व. जगत सिंह बैस की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की तहसील इकाई सिमगा द्वारा पेंशनर भवन, सुहेला में संघ के संस्थापक अध्यक्ष स्व. जगत सिंह बैस की पुण्यतिथि मनाई गई।

संघ के सचिव मुबारक हुसैन ने स्व. बैस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने पेंशनरों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। इस दौरान उन्हें कई बार जेल यात्रा भी करनी पड़ी, लेकिन उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज प्रदेश के पेंशनरों को अनेक महत्वपूर्ण सुविधाएं एवं अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्व. बैस का संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान मई, जून एवं जुलाई माह में जन्मे पेंशनरों का सामूहिक जन्मदिन मनाया गया। साथ ही तहसील क्षेत्र के 80 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ पेंशनर गणेशराम देवांगन का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

समारोह में तहसील इकाई सिमगा के अध्यक्ष विशेषर सिंह पाल, कोषाध्यक्ष कंवल सिंह साहू, जिला प्रतिनिधि सहसराम पाटकर, सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर पी.के. ठाकुर, चोवाराम वर्मा, बेदराम वर्मा, अयोध्या साहू, कामता प्रसाद देवांगन, महेश साहू, ईश्वरी प्रसाद शर्मा, जीवनलाल माली, कलीराम कैवर्त, नैनूराम वर्मा, उत्तम चंदेल सहित बड़ी संख्या में पेंशनधारी उपस्थित रहे।



### पेंशनर समाज का बैठक में निवृतमान प्रदेशाध्यक्ष भारती शामिल हुए

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज विकासखंड बिलाईगढ की विशेष बैठक पवनी में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवृतमान प्रदेशाध्यक्ष चेतन भारती एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष एवं सारंगढ बिलाईगढ जिला अध्यक्ष बी एल चंद्राकर शामिल हुए। अध्यक्षता एस एन पंडा ने किया। विशिष्ट अतिथि जीआर टंडन रहे। 80 वर्ष पार होने पर बट्टूलाल साहू एवं दफ्तर सिंह ठाकुर का श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी तरह नए पेंशनर सदस्य के रूप में भारत बंजारे,ज्योति लाल पटेल, जवाहरलाल प्रेमी, आनंद प्रेमी, बाबूलाल साहू, बिहारी लाल आदित्य, हरिराम जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, श्याम सुंदर सांवर, बिहारी लाल सिंह ठाकुर, गैस जराम सोनवानी, किशन लाल साहू,छेदीलाल यादव को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में बम्हनीडीह से मनोज कुमार तिवारी,पोषण तिवारी शामिल रहे। चेतन भारती जी ने पुराने पेंशनरों के हक में एरियर्स दिलाने की न्यायलीन कार्यवाही किये थे। मुकेश नायक द्वारा सीनियर सिटीजन के लिये योजनाओं को बताया एवं सभी को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराने अपना मोबाईल नंबर दिए। मौके पर निरंजन देवांगन, दशरथ लाल साहू, अमरनाथ खटकर, पी एस ठाकुर, रामजी साहू, आर डी साहू, भूषणलाल खुंटे, आशाराम बंजारे, यू आर साहू, आर एल खांडेकर, होलिका प्रसाद जांगडे, बलराम नायक, धनवंतु पटेल, रामअधार साहू, फत्तेलाल बंजारे, पंचराम साहू, एम एल आदित्य, श्यामदास मानिकपुरी, परष खुंटे, बृजलाल चंद्राकर, डी एस ठाकुर, ज्ञानप्रसाद साहू, शिवराम देवांगन, शत्रुघन जायसवाल, सुन्दर निराला, किशन साहू, शंकरलाल साहू, कांशीराम आदित्य, सीताराम डडसेना, लोचन साहू, रुखमन सरदार, रामकुमार नागेश, रामकुमार साहू आदि सहित भारी संख्या में पेंशनर सदस्य शामिल रहे।



## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण और जागरूकता अभियान

# छात्राओं को लगाया गया एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवारी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया गया एवं टीका लगने के बाद होने वाले सुरक्षा और स्वच्छता लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विजय कुमार साहू जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने बताया कि एक आंकड़ा के अनुसार भारत में सर्वाइकल कैंसर के लगभग प्रति वर्ष 80 हजार नए केस दर्ज होते हैं और लगभग 42 हजार मौतें, इसी कैंसर के वजह से होती है जिसे पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए शासन की द्वारा स्वैच्छिक और निःशुल्क एच पी वी टिका लगाया जा रहा है। यह वैक्सीन सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर ग्रामीण स्वास्थ संयोजक कर्मचारियों द्वारा स्कूल में जाकर एचपीवीं वैक्सीन लगाया जा रहा है। यह वैक्सीन पहले जिला हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया जाता था जो कि अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर भी लाभार्थी बालिकाओं को लगाया जा रहा है एवं स्वास्थ कर्मचारी द्वारा प्रत्येक स्कूलों में जाकर 14 वर्ष की बालिकाओं को एच पी वी वैक्सीन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है और उनके अभिभावक से सहमति पश्चात वैक्सीन लगायी जा रही है। चुकी बच्चेदानी का मुंह का कैंसर दिनों दिन बढ़ रहे हैं।

इसी समस्याओं को देखते हुए भारत सरकार द्वारा स्वैच्छिक और निशुल्क एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। साहू जी ने बताया कि कैंसर का बीमारी बहुत ही खतरनाक साबित होती हैं, इससे दूर भागने और स्वस्थ रहने के लिए भारत सरकार द्वारा बड़ी कदम उठाए हैं और इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवारी में सीमा कंवर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

